| |
|---|
| दिनांक 19.08.2024 |
| प्रेस विज्ञप्ति 25/2024 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

**जनपद शाहजहॉपुर/थाना रोजा**

- **02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लगभग 12 लाख रूपये कीमत के लूट/चोरी के सोने–चॉदी के आभूषण**
- **02 मोबाइल फोन बरामद**

दिनॉकः19.08.2024 को थाना रोजा व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर कैलाश नगर कालोनी फ्लाई ओवर के पास से 02 अभियुक्तों 1–जुनैद 2–फईम को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लगभग 12 लाख रूपये कीमत के लूट/चोरी के सोने–चॉदी के आभूषण, 02 मोबाइल फोन बरामद हुये।

उल्लेखनीय है कि थाना रोजा क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात बदमाशों द्वारा लूट की घटना कारित की गयी थी, जिसके सम्बन्ध में थाना रोजा पर अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद आभूषण लूट/चोरी की घटनाओं से सम्बन्धित हैं।

इस सम्बन्ध में थाना रोजा पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–जुनैद निवासी मोहल्ला लोधीपुर थाना रोजा जनपद शाहजहॉपुर।

2–फईम निवासी मोहल्ला लोधीपुर थाना रोजा जनपद शाहजहॉपुर।

**बरामदगी**

1–लगभग 12 लाख रूपये कीमत के लूट/चोरी के सोने–चॉदी के आभूषण।

2–02 मोबाइल फोन।

**जनपद फतेहपुर/थाना खखरेरू**

- **पुलिस कार्यवाही में 01 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी के 03 सोलर पेनल**
- **17 हजार 540 रूपये नगद**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद**

दिनॉक: 18.08.2024 की रात्रि थाना खखरेरू, थाना हथगॉव व थाना धाता की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर हकीमपुर खतवा मोड़ तिराहा के पास बदमाश की घेराबन्दी की गयी तो बदमाश ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गयी आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त आफताब घायल हो गया, जिसे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से चोरी के 03 सोलर पेनल, 17 हजार 540 रूपये नगद, 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद हुये। घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त हिस्ट्रीशीटर अपराधी है, जिसके विरूद्ध कमिश्नरेट प्रयागराज, जनपद फतेहपुर के विभिन्न थानों पर चोरी, लूट, हत्या का प्रयास, आबकारी एक्ट, आर्म्स एक्ट आदि के 02 दर्जन अभियोग पंजीकृत हैं।

इस सम्बन्ध थाना खखरेरू पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–आफताब निवासी ग्राम हकीमपुर खंतबा थाना खखरेरू जनपद फतेहपुर।

**बरामदगी**

1–चोरी के 03 सोलर पेनल।

2–17 हजार 540 रूपये नगद।

3–01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस।

## कमिश्नरेट लखनऊ/थाना सुशांत गोल्फ सिटी

- **02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी की घटना का अनावरण**
- **भारी मात्रा में चोरी के सोने–चॉदी के आभूषण**
- **25 हजार 300 रूपये नगद**
- **01 बैट्री एक्साइड कम्पनी**
- **01 मोबाइल फोन**
- **घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल आदि बरामद**

दिनॉकः 19.08.2024 को थाना सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर शहीद पथ रोड पर स्थित एम0एस0 विन्ध्यवासिनी वर्ल्ड स्कूल के करीब झाड़ियों के पास से 02 अभियुक्तों 1–आकाश 2–राजा को गिरफ्तार कर चोरी की घटनाओं का अनावरण किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से भारी मात्रा में चोरी के सोने–चॉदी के आभूषण, 25 हजार 300 रूपये नगद, 01 बैट्री एक्साइड कम्पनी, 01 मोबाइल फोन, घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल आदि बरामद हुयी।

उल्लेखनीय है कि थाना सुशांत गोल्फ सिटी क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात अभियुक्तों द्वारा चोरी की घटनाएं कारित की गयी थी, जिसके सम्बन्ध में थाना सुशांत गोल्फ सिटी पर अभियोग पंजीकृत कर घटनाओं के अनावरण के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद आभूषण, रूपये आदि चोरी की घटनाओं से सम्बन्धित हैं।

इस सम्बन्ध में थाना सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### गिरफ्तार अभियुक्त

1–आकाश निवासी सदर बाजार थाना कैण्ट ,लखनऊ।

2–राजा निवासी तेलीबाग घोसियाना नया नटखेड़वा थाना पीजीआई, लखनऊ।

**बरामदगी**

1–भारी मात्रा में चोरी के सोने–चॉदी के आभूषण।

2–25 हजार 300 रूपये नगद।

3–01 बैट्री एक्साइड कम्पनी।

4–01 मोबाइल फोन।

5–घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल आदि।

**जनपद शामली/थाना कैराना**

- **पुलिस कार्यवाही में 01 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस आदि बरामद**

दिनॉकः 19.08.2024 को थाना कैराना पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर कैराना–अलीपुर मार्ग बंबा पुलिया के पास बदमाश की घेराबन्दी की गयी तो बदमाश ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गयी आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त अंसार घायल हो गया। एक अन्य अभियुक्त मौके से फरार हो गया, जिसकी गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे है। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस आदि बरामद हुये। घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध जनपद शामली के विभिन्न थानों पर सीएस एक्ट, आर्म्स एक्ट, गैंगेस्टर एक्ट आदि के लगभग एक दर्जन अभियोग पंजीकृत हैं।

इस सम्बन्ध में थाना कैराना पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–अंसार निवासी मोहल्ला छड़ियान थाना कैराना जनपद शामली।

**बरामदगी**

1–01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस आदि।

## जनपद अयोध्या/थाना कोतवाली अयोध्या

- **05 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी की 05 चार पहिया वाहन**
- **चोरी की चार पहिया वाहन के 03 इंजन एवं पार्टस**
- **वाहनों के काटने के उपकरण बरामद**

दिनॉकः 19.08.2024 को थाना कोतवाली अयोध्या व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर नया सरयू पुल के पास से 05 अभियुक्तों 1–सुरेश 2–शिवपूजन 3–मनोज 4–सूरज 5–मो0 मुस्तकिम को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से चोरी की 05 चार पहिया वाहन, चार पहिया वाहन के 03 इंजन एवं पार्टस व वाहनों के काटने के उपकरण बरामद हुये।

इस सम्बन्ध में थाना कोतवाली अयोध्या पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–सुरेश निवासी ग्राम तौलियाडीह थाना रेहरा बाजार जनपद बलरामपुर।

2–शिवपूजन निवासी गजरपुर कटरिया थाना रेहरा बाजार जनपद बलरामपुर।

3–मनोज निवासी मधौभीख थाना सादुल्ला नगर जनपद बलरामपुर।

4–सूरज निवासी भानपुर रानी थाना भवानीगंज जनपद सिद्धार्थनगर।

5–मो0 मुस्तकिम निवासी छितलूपुर , सादुल्लानगर जनपद बलरामपुर।

**बरामदगी**

1–चोरी की 05 चार पहिया वाहन।

2–चोरी की चार पहिया वाहन के 03 इंजन एवं पार्टस।

3–वाहनों के काटने के उपकरण।

## जनपद सहारनपुर/थाना मिर्जापुर

- **01 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लगभग 10 लाख रूपये कीमत के 01 किलो 10 ग्राम अवैध चरस**
- **01 मोटर साइकिल बरामद**

दिनॉकः 19.08.2024 को थाना मिर्जापुर पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर कासमपुर जाने वाले खडंजा सड़क के पास से अभियुक्त असलम को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से लगभग 10 लाख रूपये कीमत के 01 किलो 10 ग्राम अवैध चरस, 01 मोटर साइकिल बरामद हुयी।

इस सम्बन्ध में थाना मिर्जापुर पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—असलम निवासी निवासी ग्राम कासमपुर थाना मिर्जापुर।

**बरामदगी**

1—लगभग 10 लाख रूपये कीमत के 01 किलो 10 ग्राम अवैध चरस।

2—01 मोटर साइकिल।

———